भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1895
उत्तर देने की तारीख: 14.03.2022

केरल में केंद्रीय विद्यालय

†1895. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:
श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मलप्पुरम में केंद्रीय विद्यालयों (केवी) के शिक्षण स्टाफ की संख्या में कमी और उनके स्थानांतरण के कारण विद्यालय के विस्तार, विकास और शैक्षणिक स्तर में हो रही गिरावट की प्रवृत्ति के बारे में पता है और यदि, हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार देश में केंद्रीय विद्यालयों के समक्ष आने वाली इस तरह की अन्य समस्याओं से अवगत है;
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त कमियों को दूर करने तथा मलप्पुरम के केंद्रीय विद्यालय और इसी तरह के विद्यालयों का विकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का विचार है;
(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने केरल के अलप्पुझा जिले में एकमात्र केंद्रीय विद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) क्या यह भी सच है कि सरकार देश भर में और केंद्रीय विद्यालय खोलने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) ने सूचित किया है कि शिक्षण स्टाफ की कमी और उनके स्थानांतरण के कारण केन्द्रीय विद्यालय (केवि), मलप्पुरम में वृद्धि, विकास और शैक्षणिक मानक में कोई गिरावट की प्रवृत्ति नहीं देखी गई है। दिनांक 01.03.2022 तक केन्द्रीय विद्यालय (केवि), मलप्पुरम में विभिन्न विषयों में 37 स्वीकृत पदों में से शिक्षण स्टाफ के 18 पद रिक्त हैं। ये रिक्तियां समय-समय पर स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति आदि के

कारण उत्पन्न होती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। केविसं द्वारा अस्थायी अवधि के लिए संविदा के आधार पर भी शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया बाधित न हो।

(घ): सरकार ने केरल के अलप्पुझा जिले में एनटीपीसी, कायमकुलम में केवि सहित किसी भी केवि को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। केवि एनटीपीसी, कायमकुलम एक परियोजना क्षेत्र केवि है जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) एनटीपीसी द्वारा प्रायोजित है और केविसं द्वारा उनके अनुरोध पर खोला गया था। हालांकि, एनटीपीसी कायमकुलम ने केवि को वित्तीय सहायता जारी रखने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। एनटीपीसी से अपने स्वयं के बजट या सीएसआर निधियों के माध्यम से वित्तीय सहायता जारी रखने का अनुरोध किया गया है।

(ङ): नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब वे भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जाते हैं और एक नया केवि स्थापित करने के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता की जाती है। नए केवि खोलने के लिए अनिवार्य पूर्व-आवश्यकताओं को पूरा करने वाले विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होती है और यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन है।

*****